लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर
दिनांक 4.2.2020 पृष्ठ सं 6 कॉलम 1-7

# एचएयू : प्रदर्शनी में जनरल नॉलेज व साइंस की 10 हजार पुस्तकें प्रदर्शित

## केंद्रीय राज्यमंत्री ने रिबन काटकर किया प्रदर्शनी का शुभारंभ



एचएयू में पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान।

**भास्कर न्यूज़ | हिसार**

एचएयू के नेहरू पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि पशुपालन डेयरी एवं मत्स्य पालन राज्य मंत्री भारत सरकार डॉ. संजीव बालियान ने किया। एचएयू के पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी में जाने-माने 11 पब्लिशर्स/वेंडर्स द्वारा हिस्सा लिया गया।

इसके अलावा प्रदर्शनी में एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्री. बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, होम साइंसेज, फिशरीज जनरल नॉलेज, इत्यादि विषयों पर लगभग 10 हजार पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। विद्यार्थियों, अध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं अन्य स्टाफ द्वारा बड़ी ही जिज्ञासा के साथ पुस्तक प्रदर्शनी में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया गया। पुस्तक प्रदर्शनी की सम्पूर्ण देख रेख परिग्रहण विभाग के अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप द्वारा की जा रही है। मौके पर वीसी डॉ. केपी सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम अमर उजाला

दिनांक 4.2.2020 पृष्ठ सं 6 कॉलम 1-2

## एचएयू में प्रदर्शनी का शुभारंभ, 10 हजार पुस्तकें प्रदर्शित



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस पर नेहरू पुस्तकालय में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया। प्रदर्शनी में पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बाल्याण मुख्यातिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित हुए। विवि के पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि प्रदर्शनी में 11 पब्लिशर्स/वेंडर्स ने भाग लिया। प्रदर्शनी में एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्री. बिजनेस, अलाइड साइंस, फूड साइंस ऐंड टेक्नोलॉजी, होम साइंस आदि विषयों पर लगभग 10 हजार पुस्तकें प्रदर्शित की गई हैं। प्रदर्शनी की देखरेख परिग्रहण विभाग के अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप द्वारा की जा रही है।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम......हरि भूमि......

दिनांक....4. 2. 2020.... पृष्ठ सं....12.... कॉलम....2....

## दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन रा य मंत्री, भारत सरकार, डॉ. संजीव बालियान थे तथा विशिष्ठ अथिति के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में जाने माने 11 पब्लिशर्स/वेंडर्स द्वारा भाग लिया गया। इस प्रदर्शनी में एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्रि. बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, होम साइंसेज, फिशरीजए जनरल नॉलेज, इत्यादि विषयों पर लगभग 10,000 पुस्तकें प्रदर्शित की गयी है।

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम........दैनिक ट्रिब्यून........
दिनांक...4.2.2020... पृष्ठ सं...6... कॉलम...8...

# स्थापना दिवस पर हकृवि में पुस्तक प्रदर्शनी शुरू

हिसार, 3 फरवरी (निस)

स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 2 दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी शुरू की गई, जिसमें 11 पब्लिशर्स ने हिस्सा लिया और 10 हजार पुस्तकें प्रदर्शित की। पुस्तक मेले का शुभारंभ पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन केन्द्रीय राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान ने किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. केपी सिंह उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी में प्रसिद्ध 11 पब्लिशर्स/वेंडर्स भाग ले रहे हैं, जिसमें एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्रि. बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, होम साइंसेज, फिशरीजए जनरल नॉलेज, इत्यादि विषयों पर लगभग 10 हजार पुस्तकें प्रदर्शित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि पुस्तक प्रदर्शनी में विद्यार्थी, अध्यापक, वैज्ञानिक व स्टॉफ पूरी जिज्ञासा के साथ हिस्सा ले रहे हैं।

लोक संपर्क कार्यालय

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार


समाचार पत्र का नाम....सिटी पल्स....

दिनांक....3.2.2020.... पृष्ठ सं....2.... कॉलम....5-8....

# दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के नेहरू पुस्तकालय में विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस के उपलक्ष में दो दिवसीय पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन राज्य मंत्री, भारत सरकार, डॉ. संजीव बालियान थे तथा विशिष्ठ अथिति के तौर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. सिंह उपस्थित थे।

विश्वविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में जाने माने 11 पब्लिशर्स/वेंडर्स द्वारा भाग लिया गया। इस प्रदर्शनी में एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्री. बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी, होम साइंसेज, फिशरीजए जनरल नॉलेज, इत्यादि विषयों पर लगभग 10,000 पुस्तकें प्रदर्शित की गयी है। विद्यार्थियों, अध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं अन्य स्टाफ द्वारा बड़ी ही जिज्ञासा के साथ पुस्तक प्रदर्शनी में बढ़ चढ़ के लिया जा रहा है एवं पुस्तकों का चयन नेहरू लाइब्रेरी व इससे सम्बंधित कॉलेज एवं विभाग पुस्तकालयों के लिए किया जा रहा है और साथ ही साथ पाठकों द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के लिए भी पुस्तकें खरीदी जा रही है। पुस्तक प्रदर्शनी की सम्पूर्ण देख रेख परिग्रहण विभाग के अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप द्वारा की जा रही है।



*हिसार। मुख्य अतिथि पुस्तक प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए।*

लोक संपर्क कार्यालय
चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

समाचार पत्र का नाम ........नभ छोर........
दिनांक ....3. 2. 2020.... पृष्ठ सं. ....2.... कॉलम ....2-5....

# हकृवि नेहरू पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी



हिसार/ फरवरी/रिपोर्टर

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस पर नेहरू पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारम्भ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य पालन राज्य मंत्री डॉ. संजीव बालियान थे तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर कुलपति प्रो. केपी सिंह उपस्थित थे। पुस्तकालयाध्यक्ष, डॉ. बलवान सिंह ने बताया कि इस पुस्तक प्रदर्शनी में जाने माने 11 पब्लिशर्स/वेंडर्स द्वारा भाग लिया गया। इस प्रदर्शनी में एग्रीकल्चरल साइंसेज, एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग, एग्रि बिजनेस, अलाइड साइंसेज, फूड साइंस एंड टैक्नोलॉजी, होम साइंसेज, फिशरीज, जनरल नॉलेज, इत्यादि विषयों पर लगभग 10,000 पुस्तकें प्रदर्शित की गयी हैं। विद्यार्थियों, अध्यापकों, वैज्ञानिकों एवं अन्य स्टाफ द्वारा बड़ी ही जिज्ञासा के साथ पुस्तक प्रदर्शनी में बढ़ चढ़कर लिया जा रहा है एवं पुस्तकों का चयन नेहरू लाइब्रेरी व इससे सम्बंधित कॉलेज एवं विभाग पुस्तकालयों के लिए किया जा रहा है और साथ ही साथ पाठकों द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के लिए भी पुस्तकें खरीदी जा रही हैं। पुस्तक प्रदर्शनी की सम्पूर्ण देख रेख परिग्रहण विभाग के अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप द्वारा की जा रही है।